RAF SECTOR
NEWS CLIP
14/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan Aligarh (UP)

कड़ी सुरक्षा के बीच पहले चरण में आज खुलेगी एएमयू

एएमयू खुलने से एक दिन पहले गेट पर तैनात आरएएफ के जवान।

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

एएमयू पहले चरण में आज से खुलने जा रही है। इसको लेकर कैंपस में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहले चरण में मेडिसिन, मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग कॉलेज की कक्षाएं शुरू होंगी। विश्वविद्यालय के मुर्शिदाबाद, मल्लापुरम और किशनगंज केंद्र भी आज से खुल रहे हैं।

एएमयू में 15 दिसंबर को हुए बवाल के बाद छात्रावास खाली करा लिये गये थे। विश्वविद्यालय पहले छह जनवरी को खुलनी थी। लेकिन माहौल को देखते हुए अवकाश आगे बढ़ा दिया गया था। यूनिवर्सिटी को 13 जनवरी को खोलने का निर्णय लिया गया था। इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पहले चरण में मेडिसिन फैकल्टी, यूनानी मेडिसिन फैकल्टी, मैनेजमेंट स्टडीज तथा जेडएच कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी फैकल्टी में शिक्षण कार्य शुरू किया जाएगा। जबकि इन संकायों में गत सेमेस्टर की बची हुई परीक्षाएं 16 जनवरी से प्रारंभ होंगी। विश्वविद्यालय से संबंधित दसवीं और 12वीं की कक्षाएं 13 जनवरी से शुरू होने जा रही हैं। जबकि 9वीं और 11वीं की कक्षाएं 17 जनवरी से प्रारंभ होंगी। परीक्षा कंट्रोलर मुजीब उल्लाह जुबैरी ने बताया कि ऐसे पाठ्यक्रम जिनके विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं पूर्ण हो चुकी हैं, उनकी कक्षाएं संबंधित फैकल्टी और कॉलेज खुलने की तिथि से आरंभ होंगी। जबकि ऐसे पाठ्यक्रम जिनके कुछ पेपर होने शेष हैं, उनमें शिक्षण कार्य बची हुई परीक्षाओं के पूर्ण होने के दूसरे दिन से प्रारंभ होगा।

> छात्र वापस आ रहे है। छात्र पूरी तरह परीक्षाओं पर ध्यान देंगे। विवि खुलने से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।
>
> -प्रो. अफीफुल्लाह खान, प्रॉक्टर, एएमयू।

एएमयू वीसी-रजिस्ट्रार संग कैंपस की सुरक्षा भी होगी कड़ी

चौकसी

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

एएमयू खुलने से ऐन पहले वीसी के पत्र को गंभीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। एएमयू वीसी और रजिस्ट्रार की सुरक्षा के साथ ही यूनिवर्सिटी के चरणबद्ध तरीके से खुलने को लेकर भी अमले ने सुरक्षा बंदोबस्त कड़े करना शुरू कर दिए हैं। वीसी लॉज पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं वहीं रजिस्ट्रार आवास व ऑफिस में भी सुरक्षा बल की तैनाती की है।

बीते शुक्रवार को एएमयू वीसी प्रोफेसर तारिक मंसूर ने एसएसपी समेत सूबे के आला अफसरों को पत्र लिखकर अपने और परिवार के लोगों की जान पर खतरा बताया था। पत्र में लिखा था कि 13 जनवरी को एएमयू खुलने के बाद असामाजिक व गुंडा तत्व कानून व्यवस्था के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्हें व परिवार को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं।

यूनिवर्सिटी खुलने पर कैंपस में रहेगी फोर्स

डीआईजी/एसएसपी आकाश कुलहरि ने वीसी के पत्र को गंभीरता से लेते हुए पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि 13 जनवरी को यूनिवर्सिटी खुलने के चलते कैंपस में फोर्स तैनात की जाएगी। इसके लिए वीसी लॉज, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, रजिस्ट्रार ऑफिस व आवास के सामने फोर्स को तैनात किया जाएगा।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।